दिनांकः 23.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्र, आज स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों–शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि दे रहा है। देश के इन वीर सपूतों को वर्ष 1931 में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दी गई थी। इन सेनानियों को 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद दिवस पर तीनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। श्री मोदी ने सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

इधर, प्रदेशभर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया जा रहा है। भीलवाडा में विभिन्न संगठनों की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। भरतपुर में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर देश भक्ति नारे लगाए गए।

पाली जिला मुख्यालय पर प्रभात फेरी निकाली गई और देशभक्ति गीतों के साथ अमर शहीदों के जयकारे लगाए गए। राजधानी जयपुर में भी शहीद दिवस पर तिरंगा रैली, दीपदान सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं।

---

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि होनहार छात्राएं विकसित भारत का आधार हैं। अजमेर के राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में शिरकत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मुहिम चलाई है, जो युवाओं के सहयोग से ही सम्भव हो सकेगी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ देश को स्वावलम्बी बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया।

---

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन हो रहा है। दौसा जिले में इसके लिए करीब तीन सौ परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा के लिए करीब 29 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला साक्षरता और सतत शिक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि नव साक्षर परीक्षा देने बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची हैं।

---

राज्य की निजी स्कूलों में बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए 25 मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश के लिए शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। नौ अप्रैल को सफल विद्यार्थियों की लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 15 अप्रैल तक अभिभावकों को संबंधित स्कूल में दस्तावेज जमा करवाने होंगे।

---

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी बनी हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में सर्वाधिक 39 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। न्यूनतम तापमान में भी बीते कुछ दिनों से बढोतरी दर्ज की जा रही है। सरहदी जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही मौसम बीमारियों और लू तापघात को लेकर चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। बालोतरा में विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाकाराम चौधरी ने सभी ब्लॉक अधिकारियों को कंट्रोल रूम बनाने, जरूरी उपकरण खरीदने, जांच मशीनों और ऑक्सीजन प्लांट्स का रख रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए भी व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया है।

---

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच हैदराबाद में दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। दोनों टीमें आखिरी बार पिछले साल क्वालीफायर राउंड में आमने–सामने हुई थीं। आज एक अन्य मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच भी मुकाबला खेला जाएगा।

---